

## एक नजर में

### रक्तदान शिविर में एकत्रित किया 38 यूनिट रक्त



**कन्नौद।** सिविल अस्पताल में रक्त दान शिविर का आयोजन किया गया। सिविल अस्पताल कन्नौद में आयोजित रक्तदान शिविर का शुभारंभ मंडल अध्यक्ष हुकुम जाट के द्वारा सरस्वती जी के चित्र पर माल्यार्पण कर एवं दीप प्रज्वलित कर किया गया ।बीएमओ डॉ लोकेश मीणा के द्वारा बताया गया कि जिला कलेक्टर ऋतुराज सिंह के निर्देशानुसार प्रत्येक जरूरतमंद को आसानी से रक्त की उपलब्धता सुनिश्चित करने हेतु प्रत्येक विकासखंड पर प्रतिमाह रक्तदान शिविर आयोजित किए जा रहे हैं द्य आपके द्वारा किया गया रक्तदान किसी जरूरतमंद की जान बचा सकता है ।सिविल अस्पताल कन्नौद के अधिकारी कर्मचारियों ने शिविर में रक्तदान कर आम लोगों को रक्तदान करने हेतु प्रेरित किया ।आज आयोजित रक्तदान शिविर में 38 यूनिट ब्लड एकत्रित हुआ और सभी रक्त डटाओ को प्रमाण पत्र भी वितरित किए गए ।रक्तदान शिविर में रक्त ले जाने के लिए जिला चिकित्सालय देवास ब्लड बैंक की टीम आई थी ।रक्तदान शिविर में रक्त दान करने वालो में न्यायाधीश कुंदन कुशवाहा के साथ बीएमओ डॉ लोकेश मीणा ,डॉ ज्योति चौहान ,गोविंदा धूत ,मंथन मीणा आदि शामिल है ।इस अवसर पर बीसीएम विनोद भंवर ,सेक्टर सुपरवाइजर आरपी परमार ,शोभा कुकड़े, लैब टेक्नीशियन श्री राम चौहान, महेंद्र जादौन, शिप्रा चौधरी सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी अर्चना उपाध्याय, अंजू प्रजापत, सोफिया शातवंत, हरीश शर्मा, अन्नपूर्णा सांवले, ज्योति यादव एवं सिविल अस्पताल कन्नौद का स्टाफ उपस्थित रहा ।

### सीता मंदिर मेले में चल रही राम कथा





**बागली।** सीता माता मेले में आज मंदिर परिसर से कथा स्थल तक शोभा यात्रा के साथ राम कथा प्रारंभ हुई कथा के दौरान पंडित नारायण प्रसाद शास्त्री ने अपने मुखारविंद से कहा कि राम कथा एक साधारण कथा या ग्रंथ नहीं है साक्षात मोह रूपी दानव का नाश करने वाली है राम कथा के श्रवण से मनुष्य का जीवन धन्य हो जाता है और उसे मोक्ष की प्राप्ति होती है आपने कहा कि तीर्थ स्थान पर स्नान से जो लाभ मिलता है वह लाभ आपके गांव में आपके परिवार में आपके घर पर संतों के चरण पड़ जाने से एवं संतों के दर्शन करने मात्र से तीर्थ स्थान में स्नान के लाभ के बराबर है आपने यहभी कहा कि जिस परिवार में जहां रामायण का पारायण होता है जिस गांव में प्रात राम नाम नाम के उद्घोष के साथ प्रभात फेरी निकाली जाती हो वह घर वह परिवार वह ग्राम हमेशा विपदासे दूर रहता है वहां पर कभी भी विपदा या बाधा प्रवेश नहीं करती है आपने यह भी कहा कि जादू टोना टोटका कोई ऐसी चीज नहीं है जो आपके प्रालब्ध को बदल दे आपकी किस्मत को बदल दे केवल प्रभु का स्मरण राम नाम का जाप एवं भूखे को भोजन असहाय की सहायता आपके प्रालब्ध और किस्मत में बदलाव ला सकती है कभी भी आप परेशान नहीं रहोगे जीवन आपका आनंद के साथ व्यतीत होगा आपके जीवन में अगर कोई दुख का कारण आता है तो उसे भी राम का नाम हरि का स्मरण बदलाव ला सकता है राम कथा रूपी कल्पवृक्ष हर घर में लगाया जाए हमेशा सदैव आप अच्छे कार्य करते रहेंगे व्यासपीठ का पूजन सतीश मेहता बिना मेहता ने किया कथा श्रवण का लाभ पिपरी पोला खाल पोटला एवं आसपास के श्रद्धालु भक्तों ने प्राप्त किया। कथा के दौरान बोल बम कावड़ यात्रा के संयोजक गिरधर गुप्ता जगदीश शर्मा लोकेश जैन अंकित मेहता रमेश गुप्ता डॉक्टर सुरेंद्र मिश्रा सरपंच मोहन सिंह डाबर सहित कई लोग विशेष रूप से उपस्थित रहे।

### राष्ट्रीय सेवा योजना का सात दिवसीय शिविर का शुभारंभ



**देवास।** प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस श्री कृष्णाजीराव पवार शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय देवास की राष्ट्रीय सेवा योजना का सात दिवसीय विशेष शिविर गोद ग्राम गढ़ूखेड़ी ग्राम पंचायत अमरपुरा में स्वच्छता एवं मानसिक स्वास्थ्य और उन्नत भारत अभियान (नाश मुक्त एवं बाल विवाह मुक्त समाज) विषय पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ एसपीएस राणा सर के मार्गदर्शन एवं आईक्यूएसी के सहयोग से आरम्भ हुआ। शिविर के उदघाटन के मुख्य अतिथि सरपंच ग्राम पंचायत अमरपुरा के भीम सिंह थे, विशेष अतिथि नागजीराम मालवीय रोजगार सहायक अमरपुरा थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य प्रतिनिधि प्रो मोहिनी सिंह परमार सहायक प्राध्यापक सैन्यविज्ञान ने की। कार्यक्रम का संचालन कार्यक्रम अधिकारी रासेयो प्रो राकेश कोटिया ने शिविर की आगामी गतिविधियां मंच को बताई। शिविर नायक ईश्वर लोधी एवं मुस्कान लोधी के नेतृत्व में शिविर परिसर प्राथमिक शाला भवन गढ़ूखेड़ी को प्लास्टिक एवं गाजरघास मुक्त बनाया गया। 45 वॉलेंटियर उपस्थित रहे।

### गुणावत के निधन पर शोक संवेदना व्यक्त की



**देवास।** मध्य प्रदेश अटल भारतीय हिंदू फाउंडेशन विधानसभा इकाई बागली के अध्यक्ष एवं सरपंच प्रतिनिधि ग्राम पंचायत पलासी लखनलाल उईकै ने ग्राम खल पहुंचकर के मीणा समाज के समाजसेवी हीरालाल गुणावत के दुखद निधन पर शोक संवेदना व्यक्त कि गुणावत पूर्व उपसरपंच सुरेश गुणावत के पिता थे एवं ग्राम खल एवं सेक्टर में सभी लोगों के सुख-दुख में काम आते थे एवं धार्मिक प्रवृत्ति के व्यक्ति थे गुणावत के दुखद निधन पर अन्य क्षेत्रीय लोगों ने भी श्रद्धांजलि अर्पित कि है श्रद्धांजलि देने वालों में आनंद जोनवाल सरपंच इकलेरा संत हरीश तिवारी संतोष जोनवाल राजेश जोनवाल राहुल दीक्षित जगदीश परसाई पवन पटेल राजेश उईकै महेश नायक सरपंच रघुनाथ नायक सरपंच कन्हैया मीणा सरपंच रणछोड़ किराडे सरपंच आदि लोगों ने श्रद्धांजलि अर्पित की है।

# शिक्षा विभाग में मलाईदार पोस्टिंग का खेल उजागर

**नियमों की धज्जियां उड़ाकर 2 साल से अटैच प्राचार्य**
**शिक्षा विभाग पर उठे गंभीर सवाल**
**नियम फेल, सेटिंग पास**




**देवास।** शिक्षा विभाग में नियमों की खुलेआम अनदेखी का एक और मामला सामने आया है। शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भौंरासा में पदस्थ प्राचार्य मुन्नालाल अंगोंरिया को नियम विरुद्ध तरीके से प्रभारी प्राचार्य, बा.उ.मा. विद्यालय पीपलरांवा में अटैच कर पदस्थ किया गया है। हैरानी की बात यह है कि पीपलरांवा विद्यालय में पहले से ही वर्ग-1 के चार शिक्षक पदस्थ हैं, इसके बावजूद बाहरी विद्यालय से प्राचार्य को अटैच किया गया। वहीं दूसरी ओर, मुन्नालाल अंगोंरिया का वेतन आज भी भौंरासा विद्यालय से ही आहरित किया जा रहा है, जो शासन के वित्तीय व प्रशासनिक नियमों पर भी सवाल खड़े करता है। शासन के स्पष्ट निर्देश हैं कि किसी भी शिक्षक अथवा प्राचार्य को अटैच नहीं किया जाए, इसके बावजूद विगत दो वर्षों से लगातार यह अटैचमेंट जारी है। जानकारों का कहना है कि यह व्यवस्था पूरी तरह नियमों के विपरीत है और विभागीय संरक्षण के बिना संभव नहीं। सूत्रों के अनुसार, प्राचार्य मुन्नालाल अंगोंरिया का पीपलरांवा से विशेष मोह है, और इसी कारण वे लगातार वहीं अटैच बने हुए हैं। सूत्र यहां तक दावा कर रहे हैं कि मलाईदार पोस्टिंग के चलते पीपलरांवा छोड़ी नहीं जा रही, जिससे शिक्षा व्यवस्था की निष्पक्षता पर गंभीर प्रश्नचिन्ह लग गया है। स्थानीय लोगों और शिक्षा कर्मियों में इस मामले को लेकर रोष है। उनका कहना है कि यदि शासन के नियमों का इस तरह उल्लंघन होता रहा तो योग्य शिक्षकों के अधिकारों का हनन होता रहेगा। फिलहाल इस पूरे मामले में शिक्षा विभाग के जिम्मेदार अधिकारियों की चुप्पी भी संदेह को और गहरा रही है। अब देखना होगा कि उच्च अधिकारी इस नियम विरुद्ध अटैचमेंट पर क्या कार्रवाई करते हैं या मामला यूँ ही फाइलों में दबा रह जाएगा।

## दायमा अ.भा.बंजारा समाज सेवा समिति के कार्यकारिणी अध्यक्ष नियुक्त



**देवास।** अखिल भारतीय श्री रूप सिंह दरबार बामनिया बंजारा समाज सेवा समिति एवं संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल मोडवत ने राष्ट्रीय महामंत्री कैलाश चावड़ा, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष गिरधारी लाल खीची, राष्ट्रीय सचिव मनोज गरासिया, राष्ट्रीय मंत्री विजय सिंह खींची, प्रदेश कार्यालय मंत्री कुंदन सिंह दायमा, अंतर सिंह बागड़ा, कैलाश कच्छावा, भैरू सिंह चावड़ा की अनुसंशा पर रामसिंह दायमा को श्री रूप सिंह दरबार बामनिया बंजारा समाज सेवा समिति एवं संगठन का राष्ट्रीय कार्यकारिणी अध्यक्ष नियुक्त किया है। इनकी नियुक्ति पर पदाधिकारी एवं समाजजनों ने हर्ष व्यक्त कर बधाई देते हुए दायमा का पुष्पमाला से स्वागत किया।

## भाजयुमो प्रदेश अध्यक्ष टेलर का किया स्वागत



**टोंक खुर्द।** भाजपा जिला उपाध्यक्ष गौतम सिंह राजपूत, भाजपा युवा मोर्चा टोंक खुर्द मंडल अध्यक्ष कृष्णपाल सिंह राजपूत के नेतृत्व मे ।भाजपा युवा मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष श्याम टेलर का ग्राम टोंक कला मे स्टेट हाईवे एबी रोड सड़क मार्ग पर प्रथम आगमन पर। आतिशबाजी के साथ साफा बंधवाकर एवं भाजपा का दुपट्टा पहनाकर एवं क्रेन मशीन के द्वारा पुष्पमाला का हार पहनाकर भव्य स्वागत किया गया ।भाजपा के जनप्रतिनिधियों एवं भाजपा युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने ।स्वागत कर्ता भाजपा नेता दुर्गेश खींची,पूर्व उपसरपंच मोहन सिंह खींची,टोंक खुर्द नगर परिषद पार्षद सुनील मालवीय,भाजपा पूर्व जिला कार्य समिति सदस्य निर्भय सिंह कराड़ा, मोहन सिंह राजपूत, संतोष श्रीवास्तव, राजेंद्र सिंह सेंधव, भाजपा युवा नेता अरविंद सिंह कराड़ा, इक्का सेठ,डॉ,रणवीर सिंह दोहरे, रोहित धाकड़ आदि बड़ी संख्या मे उपस्थित थे।

# चोरों ने दो सूने मकानों के ताले तोड़े, लाखों का माल लेकर फरार



**लोहारदा ।** गुरुवार रात करीब 3 बजे नगर के छोटी बाजार क्षेत्र में एक बार फिर चोरों ने चोरी की बड़ी वारदात को अंजाम दिया। इस बार चोरों ने दो सूने मकानों को निशाना बनाते हुए ताले तोड़कर लाखों रुपये का सोना-चांदी और नकदी चोरी कर ली। प्राप्त जानकारी के अनुसार जोशी परिवार पिछले कुछ दिनों से इंदौर में निवासरत था। इसी दौरान चोरों ने उनके सूने मकान का ताला तोड़कर अंदर रखी नगदी और कीमती जेवरात पर हाथ साफ कर दिया। पीड़ित सुभाष जोशी ने बताया कि उन्हें फोन के माध्यम से चोरी की सूचना मिली। उनके घर से करीब दो लाख रुपये नगद,सोने की झुमकी एवं चांदी की झुमकी चोरी हुए हैं। वहीं पास ही स्थित उनके चाचा के मकान से अभूष एवं चांदी के सिक्के और लगभग 25 हजार रुपये नकद चोर ले गए। दोनों मकान में कुल मिलाकर पांच लाख की चोरी हुई है। सीसीटीवी फुटेज में सामने आया है कि चोरों ने वारदात को बेहद शातिर अंदाज में अंजाम दिया।

पहचान से बचने के लिए चोरों ने दस्ताने पहने हुए थे और चहरे ढके हुए थे, जिस के कारण देवास से आयी फॉरेंसिक टीम को चोरों की सतर्कता के चलते कोई ठोस सुराग हाथ नहीं लग सका।

गौरतलब है कि इसी मोहल्ले में जुलाई 2025 में जैन मंदिर में भी चोरी की बड़ी घटना हो चुकी है। उस समय चोर मंदिर के ताले तोड़कर तिजोरी उठाकर ले गए थे, लेकिन उस मामले में भी अब तक पुलिस के हाथ खाली हैं। एक ही क्षेत्र में बार-बार हो रही चोरी की घटनाओं से स्थानीय रहवासी दहशत में हैं। ओर पुलिस प्रशासन पर सवाल खड़े कर रहे है। लगातार हो रही चोरी की घटनाओं से नगरवासी भयभीत हैं। लोगों का कहना है कि चोरों के हौसले इतने बुलंद हो चुके हैं कि अब उन्हें पुलिस का डर ही नहीं रहा। इस लिए एक ही क्षेत्र में बार बार घटनाओं को अंजाम दिया जा रहा है।

अब देखना यह होगा कि पुलिस इस बार चोरों तक पहुंच पाती है या फिर पुलिस डाल-डाल, चोर पात-पात की कहावत एक बार फिर सच साबित होती है।

### सिर्फ लोहारदा में त्रिनेत्रम नही

देवास जिले में पुलिस अधीक्षक की पहल पर त्रिनेत्रम अभियान के तहत कई गांवों और नगरों में सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं, जिसमे कई वारदातों में यह नींव का पत्थर साबित हुए है लेकिन लोहारदा नगर में अब तक प्रमुख चौराहों पर कैमरे नहीं लग पाए हैं। नगर में यह चर्चा जोरों पर है कि कई सक्षम और संपन्न लोगों के रहते हुए भी जनसहयोग से अब तक कैमरे नहीं लगाए गए। खुद को समाजसेवी बताने वाले लोग भी इस दिशा में आगे नहीं आए हैं। हालांकि व्यक्तिगत लोगो के सीसीटीवी फुटेज से काम चल रहा है।

## विधायक सोनकर ने ध्वज पूजन कर किया श्री पीपलेश्वर महादेव मेले का शुभारंभ



**सोनकच्छ।** महाशिवरात्रि के पावन पर्व के अवसर पर नगर परिषद सोनकच्छ द्वारा पवित्र माँ कालीसिंध नदी के तट, श्री दत्त मंदिर के समीप स्थित मेला प्रांगण में आयोजित भव्य एवं सांस्कृतिक श्री पीपलेश्वर महादेव मेला का विधिवत शुभारंभ सोनकच्छ विधानसभा क्षेत्र के विधायक डॉ. राजेश सोनकर द्वारा वैदिक पूजा-अर्चना एवं ध्वज पूजन के साथ किया गया। इस अवसर पर विधायक डॉ. सोनकर ने पिपलेश्वर महादेव एवं बाबा महेश्वरानंद जी के दर्शन कर नगर एवं क्षेत्र की सुख-समृद्धि, शांति और खुशहाली की कामना की। मेले के शुभारंभ अवसर पर देवास स्थित उदासीन आश्रम के महंत परम पूज्य बाबा श्री पूर्णानंद जी महाराज की विशेष गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर परिषद सोनकच्छ की अध्यक्ष श्रीमती श्रुति कृष्णपाल सिंह बघेल ने की। इस अवसर पर पार्षद कृष्णपाल सिंह बघेल ,मंडल अध्यक्ष पार्षद प्रतिनिधि संदीप गुप्ता, पार्षद प्रतिनिधि विनोद चौधरी सहित अनेक जनप्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता एवं गणमान्य नागरिक मंचासीन रहे। नगर परिषद अध्यक्ष श्रुति कृष्णपाल सिंह बघेल ने नगरवासियों को मेले की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए स्वच्छता एवं जल संरक्षण को लेकर गंभीर और संवेदनशील अपील की। उन्होंने कहा कि मेला आस्था, परंपरा और उत्सव का प्रतीक है, लेकिन इसकी गरिमा और स्वच्छता बनाए रखना हम सभी नागरिकों की सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने स्पष्ट किया कि सोनकच्छ को कचरा-मुक्त और स्वच्छ नगर बनाना केवल नगर परिषद का दायित्व नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक की नैतिक जिम्मेदारी भी है। उन्होंने नगरवासियों से गीला एवं सूखा कचरा अलग-अलग डस्टबिन में डालने का आग्रह किया, ताकि सफाई व्यवस्था सुचारु रूप से संचालित हो सके। अध्यक्ष बघेल ने विशेष रूप से नदी स्वच्छता पर जोर देते हुए कहा कि पूजा-अर्चना के उपरांत निकलने वाली पूजन सामग्री—हार-फूल, नारियल आदि—नदी में प्रवाहित न करें, बल्कि नगर परिषद द्वारा लगाए गए डस्टबिन में ही डालें, जिससे नदी की पवित्रता और पर्यावरण संतुलन सुरक्षित रहे।

## कन्नौद में स्वास्थ्य संस्थाओं पर लगाए कैंसर शिविर



**कन्नौद।** सिविल अस्पताल कन्नौद में 4 फरवरी को विश्व कैंसर दिवस मनाया गया । बीएमओ डॉ लोकेश मीणा द्वारा बताया गया कि विश्व कैंसर दिवस पर विकास खंड अंतर्गत सिविल अस्पताल कन्नौद, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सतवास एवं विकास खंड के अन्य प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर कैंसर के शिविरो का आयोजन किया गया ।इन शिविरों में 30 वर्ष से 65 वर्ष तक के आयुवर्ग के लोगो की मुख , स्तन एवं सर्वाइकल कैंसर तथा अन्य कैंसर की स्क्रीनिंग की गई ।सिविल अस्पताल कन्नौद में डॉ सानिया मिर्जा एवं डॉ आकांक्षा मिश्रा द्वारा , सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सतवास में डॉ रचना भार्गव तथा प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर संबंधित मेडिकल ऑफिसर द्वारा स्क्रीनिंग की गई । कन्नौद में 41 एवं सतवास में 37 व्यक्तियों की स्क्रीनिंग की गई ।

**एक नजर** ग्रामीण क्षेत्र की साफ सफाई के द्वारा स्वच्छता ही सेवा का संदेश दिया

## कन्या महाविद्यालय में सात दिवसीय विशेष इकाई शिविर का आयोजन



**देवास।** महारानी पुष्पमाला राजे पवार शासकीय कन्या महाविद्यालय देवास की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा ग्राम बांगर में सात दिवसीय विशेष इकाई शिविर का शुभारंभ 2 फरवरी को प्राचार्य डॉ जी डी सोनी की अध्यक्षता में प्राथमिक एवं माध्यमिक विद्यालय बांगर की प्रभारी प्रधानाध्यापक मीनाक्षी पाटिल के आतिथ्य में सफलतापूर्वक किया गया। उद्घाटन सत्र में महाविद्यालय के डॉ लोकेश जारवल, पूर्व कार्यक्रम अधिकारी डॉ अनीता भाना, प्रो प्रमोद परिहार, डॉ वर्षा जायसवाल उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत मंचासीन द्वारा माता सरस्वती एवं स्वामी विवेकानंद के चित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलन से की गई। स्वयंसेवक छात्राओं द्वारा मंचासीन का स्वागत किया गया। प्राचार्य डॉ जीडी सोनी ने अपने उद्बोधन में कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है साथ ही छात्रों में नेतृत्व के गुण, टीमवर्क, सहानुभूति और जिम्मेदारी की भावना विकसित करती है। डॉ लोकेश जारवाल ने बताया कि किताबी ज्ञान के साथ-साथ व्यवहारिक ज्ञान भी जीवन में आवश्यक है। डॉ अनिता भाना ने राष्ट्रीय सेवा योजना के ध्येय वाक्य में नहीं बल्कि आप से छात्राओं का परिचय करवाते हुए राष्ट्रीय सेवा योजना के ए बी एवं सी सर्टिफिकेट के बारे में जानकारी दी। मीनाक्षी पाटिल ने कहा कि यह छात्रों में स्वैच्छिक सामुदायिक सेवा के माध्यम से व्यक्तित्व विकास, चरित्र निर्माण एवं सामाजिक जागरूकता को बढ़ावा देती है। डॉ वर्षा जायसवाल ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना नैतिकता, नेतृत्व क्षमता, अनुशासन एवं व्यक्तित्व विकास जीवन में सफलता मुख्य आधार है। कार्यक्रम अधिकारी डॉ क्रांतदर्शी सिंदल ने मंच संचालन किया एवं शिविर की रूपरेखा प्रस्तुत की जिसके अंतर्गत एड्स जागरूकता, मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता, सामुदायिक साक्षरता एवं स्वच्छता अभियान, रैली, कैरियर मार्गदर्शन, डिजिटल साक्षरता एवं सशक्तिकरण, स्वास्थ्य परीक्षण शिविर आदि गतिविधियों की रूपरेखा प्रस्तुत की। आभार एम ए द्वितीय वर्ष की छात्रा दिव्या मंडोदिया ने माना। शिविर के द्वितीय दिवस बौद्धिक सत्र में श्रीमती गीता ठाकुर ने वन स्टॉप सखी सेंटर के संदर्भ में जानकारी देते हुए बताया कि यह महिला एवं बाल विकास मंत्रालय की एक शासकीय योजना है जो यौन हिंसा, घरेलू हिंसा या कार्यस्थल पर हिंसा से प्रभावित महिलाओं को सुरक्षा प्रदान करने के साथ ही हिंसा के विरुद्ध लड़ने एवं आत्मनिर्भर बनाने में मदद करती है एवं महिला हेल्पलाइन 181 से सभी को अवगत कराया। शिविर के दौरान ग्राम में रैली के माध्यम से सामुदायिक साक्षरता एवं एड्स संक्रमण से बचाव हेतु जागरूक किया गया एवं स्वयंसेवक छात्राओं द्वारा एड्स संक्रमण, समाधान एवं बचाव के लिए नुक्कड़ नाटक के माध्यम से जानकारी दी।

शिविर के तीसरे दिन स्वयंसेवक छात्राओं द्वारा विद्यालय परिसर की एवं ग्रामीण क्षेत्र की साफ सफाई के द्वारा स्वच्छता ही सेवा का संदेश दिया साथ ही ग्रामीण क्षेत्र में नुक्कड़ नाटक के माध्यम से डिजिटल साक्षरता की जानकारी देते हुए यह बताया कि तकनीक का उपयोग जानकारी और उत्पादकता के लिए करें उसके गुलाम नहीं बने एवं बच्चों का स्क्रीन टाइम सीमित करें। वास्तविक दुनिया को समय देने के लिए मोबाइल से दूरी जरूरी हैशिविर के पांचवें दिन सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय से राष्ट्रीय सेवा योजना जिला समन्वयक डॉ शेखर मेदमवार एवं जिला संगठक डॉ प्रदीप लाखरे द्वारा शिविर का अवलोकन एवं निरीक्षण किया गया। डॉ शेखर मेदमवार ने वार्षिक शिविर के आयोजन की शुभकामनाएं दी एवं डॉ प्रदीप लाखरे ने शिवरार्थियो के उज्जवल भविष्य की कामना की।

## बिना लाइसेंस के व्यवसाय करने पर निगम ने की सख्त कार्रवाई, गोदाम सील



**देवास।** निगम सीमा क्षेत्र में छोटे एवं बडे व्यवसायक जो विभिन्न प्रकार के व्यसाय कर रहे है। उनको निगम से लायसेंस लेना अनिवार्य है। बिना लायसेंस के व्यावसाय/व्यापार करने वाले व्यापारी निगम का लासेंस लें बिना लायसेंस व्यापार करने पर आयुक्त दलीप कुमार के निर्देशन में निगम की टीम कर रही है निरंतर चालानी कार्रवाई।

### गोदामों को किया सील

निगम लाइसेंस एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा संयुक्त रूप से बिना लायसेंस व्यापार करने वाले व्यापारियों के विरूद्ध चालान जैसी सख्त कार्रवाई की जा रही है। कार्रवाई के अन्तर्गत सुतार बाखल क्षेत्र में फल-फरूट व्यापारियों द्वारा बिना वैध ट्रेड लाइसेंस के गोदाम संचालित किए जाने की शिकायत पर निगम की टीम ने निरीक्षण किया। जिसमें नियम विरुद्ध बिना लायसेंस अपना व्यावसाय संचालित करते पाए जाने पर 9 गोदामो को सील किया गया।

स्वच्छता सर्वेक्षण गाईड लाईन के अन्तर्गत अमानक पॉलिथीन का उपयोग करने वाले व्यवसायकों पर निगम द्वारा सख्ती से चालानी कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में फरूट एवं सब्जी मंडी में अमानक पॉलिथीन का उपयोग करते पाए जाने पर संबंधित व्यापारियों के विरुद्ध चालानी कार्रवाही भी की गई। कार्रवाई के दौरान लाइसेंस प्रभारी हेमंत उबनारे, स्वास्थ्य निरीक्षक हरेन्द्र सिंह ठाकुर, भूषण पवार, ओमप्रकाश पथरोड़, संदीप सागते, विजय सांगते, प्रवीण खरे, दरोगा विकास सांगते राजेश गोसर शिव खत्री सहित निगम की टीम उपस्थित रही।